# प्रसव उपरांत परिवार नियोजन सेवायें



URBAN HEALTH INITIATIVE

*...partnering to improve the health and well being of the urban poor*

## प्रसव उपरांत परिवार नियोजन क्या है?



सामुदायिक कार्यकर्त्ता के लिये
प्रसतुतियाँ

# गर्भावस्था के दौरान

- पहली जाँच जल्द से जल्द या 12 सप्ताह के भीतर करायें।
- गर्भावस्था के दौरान अधिकाँश महिलाओं में चार बार जाँच कराना पर्याप्त रहता है।
- गर्भवती महिलाओं को अच्छे पोषण, आयरन की गोलियाँ, फोलिक एसिड, कैल्शियम और आयोडीन युक्त भोजन करने की सलाह दें।

- सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गर्भवती महिला को टिटनेस के 2 टीके लगें
- गर्भवती महिला व परिवार के सदस्यों को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए प्रेरित करें।

# प्रसव के पश्चात् गर्भनिरोधक सेवायें

- प्रसव पश्चात् महिला चार से छः सप्ताह के बाद फिर से गर्भवती हो सकती है,यदि उसने गर्भनिरोधक उपाय नहीं अपनाया है।
- वह दम्पती जो प्रसव के बाद गर्भनिरोधक उपाय अपनाते हैं वह अनचाहे गर्भ को ठहरने से रोक लेते हैं।
- परिवार नियोजन के बारे में परामर्श प्रसव पूर्व जाँच के साथ ही शुरु हो जाना चाहिए।

# प्रसव उपरांत उचित गर्भनिरोधक साधन का चयन करें

## कॉपर–टी

- प्रसव के तुरन्त बाद – दो दिन तक।
- प्रसव के 6 हफ्ते बाद

## डी.ए.पी.ए. इंजेक्शन

- प्रसव के 6 हफ्ते बाद
- यदि महिला स्तनपान नहीं करा रही हो तो प्रसव पश्चात् कभी भी लगाया जा सकता है।

- **प्रसव उपरांत उचित गर्भनिरोधक साधन का चयन करें**

## मिश्रित गर्भनिरोधक गोलियाँ

- प्रसव के 6 महीने बाद से कभी भी शुरू की जा सकती है।
- यदि महिला स्तनपान नहीं करा रही हो तो प्रसव के पश्चात् 3 हफ्ते बाद कभी भी शुरू की जा सकती है।

## महिला नसबंदी

यदि आपका परिवार पूरा हो गया हो

- प्रसव के तुरन्त बाद या 7 दिन के भीतर
- प्रसव के 6 हफ्ते बाद

URBAN HEALTH INITIATIVE शहरी स्वास्थ्य परियोजना

# प्रसव उपरांत् उचित गर्भनिरोधक साधन का चयन करें

## लैम

- प्रसव के पश्चात् तुरन्त शुरु किया जाना चाहिए।
- लैम विधि केवल उन स्त्रियों के लिए है जो बच्चे को अपना दूध पिलाती हैं और निम्नलिखित तीन शर्तें पूरी करती हैं :
  - बच्चे को पूरी तरह से अपना दूध ही पिलाती हैं
  - जिनका मासिक धर्म प्रसव के बाद शुरू नहीं हुआ है
  - जिनका बच्चा छह महीने से कम उम्र का है

## पुरुष नसबंदी

- स्थायी तरीका
- यदि आपका परिवार पूरा हो गया हो तो कभी भी करायी जा सकती है।

# प्रसव उपरांत उचित गर्भनिरोधक साधन का चयन करें


## कंडोम

- कभी भी प्रयोग किया जा सकता है|

## इमर्जेन्सी कान्ट्रासेप्टिव (ई.सी.पिल)

- यह केवल आपातकालीन स्थितियों के लिए है, नियमित गर्भनिरोधक नहीं है
- प्रसव पश्चात् 4 हफ्ते बाद से आपातकालीन स्थितियों में लिया जा सकता है|

# प्रसव उपरांत उचित गर्भनिरोधक उपाय



# धन्यवाद